RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 26 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 122 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नवी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए नवी मुंबई पुलिस के मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने बृहस्पतिवार दोपहर नेरुल में एक आवासीय इलाके में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मोफिस मंसूर शेख (61) और विजयलक्ष्मी दिनेश कुमार राम (45) को पकड़ा जो बिना वैध दस्तावेजों के यहां रह रहे थे। अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम 1950 और विदेशी अधिनियम 1946 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है जो पिछले सात-आठ साल से इलाके में रह रहे थे। इस बीच, ठाणे शहर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसने पिछले सप्ताह भी भिवंडी शहर में 32 वर्षीय एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया था। कोनगांव थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने छापेमारी की और बांग्लादेश के चटग्राम के मूल निवासी नूर हुसैन अब्दुल सलाम शेख को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि शेख से पूछताछ में पाया कि वह अपने परिवार के संपर्क में रहने के लिए वीडियो कॉलिंग एप्लिकेशन 'आईएमओ' का उपयोग करता था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी प्लंबर का काम करता था और उसके पास भारत की यात्रा करने या रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे।

### लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचंड जीत का ख्वाब देख रही बीजेपी को

# महाराष्ट्र से बड़ा झटका लगा सकता है...

## ताजा सर्वे में एनडीए गठबंधन को महज 20 सीटें

**मुंबई: महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव बीजेपी को नई टेंशन दे रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडिया टुडे और सी वोटर्स के ताजा सर्वे में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। महाराष्ट्र में बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन को सर्फि 20 सीटें मलिने का अनुमान जताया गया है। वहीं शरद पवार की शविसेना, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के कठ.ऊकअ. गठबंधन को 28 सीटें मलिने की संभावना जताई गई है। महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं। ऐसे में ताजा सर्वे में बीजेपी को नुकसान होता दिख रहा है।**



इंडिया टुडे-सी वोटर के सर्वे में बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन को 20 सीटें मलिने की संभावना जताई है। जबक पछिले लोकसभा चुनाव में अकेले बीजेपी का 23 सीटें मलिी थीं। वहीं बीजेपी की सहयोगी शविसेना को 18 सीटें मलिी थी। लेकनि अगले लोकसभा चुनाव के ताजा सर्वे ने बीजेपी की चंिता बढ़ा दी है। एकनाथ शदिे और अजति पवार को अपने पाल में करने के बाद भी बीजेपी गठबंधन महज 20 पर समिट सकती है। 2019 लोकसभा चुनाव की बात करें तो एनसीपी को 4 सीटें मलिी थीं। इसके अलावा कांग्रेस 1, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन को एक सीट मलिी थी। जबकि एक सीट नर्दिलीय के खाते में गई थी। इंडयिा टुडेज और सी वोटर्स के अनुसार महाराष्ट्र में इंडयिा गठबंधन को 28 सीटें मिलती दिखाई दे रही हैं। इससे साफ है क बीजेपी की ओर से वपिक्ष में की गई तोड़फोड़ से जनता में गलत मैसेज गया है।

## दूसरी पत्नी की हत्या के लिए व्यक्ति को सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई



**पालघर :** पालघर जिले की एक अदालत ने 29 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी दूसरी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के जुर्म में आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर. डी. देशपांडे ने बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत आरोपी सुहेल एलियास शेख को दोषी ठहराया। अदालत ने उसे आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई और उस पर 5,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। अतरिक्त लोक अभियोजक जयप्रकाश पाटिल ने अदालत को सूचित किया कि पहले से शादीशुदा आरोपी ने अपनी पहली पत्नी के बारे में बताए बिना पीड़िता आयशा सुहेल शेख से शादी कर ली। अभियोजन पक्ष ने बताया कि आयशा के परिवार के बार-बार जोर देने के बावजूद शेख उसे अपने घर ले जाने से इनकार करता रहा और बाद में वह उसे वसई के ससुपाड़ा स्थित एक लॉज में ले गया, जहां उसने 26 सितंबर, 2018 को उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

## नवी मुंबई में 50 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त... गुजरात के 2 लोग गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त किए. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी गुजरात के कच्छ जिले के भुज के निवासी हैं. आरोपियों को गुरुवार रात एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया और उनके पास से एक लाख रुपये से अधिक की नकदी भी बरामद की गई. अधिकारी ने



बताया, 'सूचना मिलने के बाद नवी मुंबई के खारघर पुलिस थाने की एक टीम ने दोनों को पकड़ लिया. उनकी तलाशी के दौरान उनके पास से 500 रुपये के कुल 9,981 नकली नोट मिले. उन नोटों पर बिना किसी सीरियल नंबर के 'चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया' लिखा हुआ था. इसे जब्त कर लिया गया है.' उन्होंने बताया, 'जब्त किए गए नोट बिल्कुल असली जैसे ही लग रहे थे. आरोपियों ने 49,90,500 रुपये मूल्य के इन नोटों को बाजार में चलाने की योजना बनाई थी.' पुलिस अधिकारी ने बताया कि उस्मान दुशाप साहा (40) और अब्दुल हसन तुर्क (41) नामक दोनों आरोपियों के पास से 1,09,500 रुपये की नकदी भी बरामद की गई.

## राखी सावंत ने माहिम दरगाह पर चढ़ाई चादर, प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलीं- 'मुझे शांति चाहिए'

बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत अपनी निजी जिंदगी की वजह से अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में उनके एक्स पति आदिल खान दुर्रानी जेल से छूट गए हैं और इसके बाद से राखी की मुसीबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। जेल से बाहर आते ही आदिल ने राखी पर गंभीर आरोप लगाए। वहीं अब उनकी बेस्टफ्रेंड ने भी एक्ट्रेस के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। अब राखी इन सबसे परेशान होकर शांति के लिए माहिम दरगाह पहुंची। राखी सावंत पर लग रहे तमाम आरोपों के बीद वह गुरूवार को





माहिम दरगाह पहुंची और उन्होंने चादर चढ़ाई। माहिम दरगाह ट्रस्ट के ट्रस्टी और मुस्लिम समाज के जाने माने लोगों ने उनका स्वागत किया उनके लिए दरगाह ट्रस्ट ऑफिस में दावत भी रखी गई और इसके बाद उन्होंने वही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ट्रस्ट संचालित हॉल में की और आदिल खान दुर्रानी, शर्लिन चोपड़ा समेत अपनी बेस्टफ्रेंड को झूठा बताया। रखी ने कहा में अपनी शांति के लिए मैं चादर चढ़ाने आई हूं। मैं विश्वास करती हूं कि अल्लाह मेरी दुआ कबूल करेंगे।' इस दौरान राखी पूरा इस्लामिक गेटअप में नजर आईं। उन्होंने सर पर दुपट्टा और नीले रंग का सूट पहना हुआ था।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### पाकिस्तान में खत्म होते अल्पसंख्यक...

विश्व में कई प्रगतिशील देश अपने समाज में विविधताओं से भरे धार्मिक एवं सांस्कृतिक विचारों का सम्मान करते हैं तथा सभी पंथों और विचारों को बराबर देखते हैं। इसके विपरीत पाकिस्तान में वहां के मुट्ठी भर अल्पसंख्यकों के प्रति द्वेष, घृणा एवं दमन की भावना निरंतर बढ़ रही है। वहां एक बार फिर इस्लाम के विरुद्ध ईशनिंदा के आरोप में ईसाई समुदाय के साथ घृणित व्यवहार देखने को मिला। ईसाई समुदाय के दो युवकों पर ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाकर फैसलाबाद में तमाम गिरजाघरों और ईसाइयों के घरों में तोड़–फोड़ और आगजनी की गई। ईसाइयों के खिलाफ भड़की हिंसा ने दिल दहला दिया। यह बहुत निराशाजनक है कि पाकिस्तान में ईशनिंदा के झूठे आरोपों के कारण निर्दोष अल्पसंख्यकों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है और कभी–कभी तो उनकी जान भी ले ली जाती है। दशकों से हम यह देख रहे हैं कि पाकिस्तान में उग्र भीड़ कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए ईशनिंदा के आरोपित व्यक्ति अथवा समुदाय को खुद ही निशाना बनाने में जुट जाती है। आसिया बीबी (आसिया नोरेन) का मामला ऐसे मामलों का सबसे चर्चित प्रकरण रहा। ईसाई महिला आसिया बीबी को न केवल जेल जाने के साथ कष्टमय जीवन जीना पड़ा, बल्कि उनके समर्थन में आए एक नेता सलमान तासीर की हत्या कर दी गई और वह भी उनके सुरक्षाकर्मी द्वारा। सलमान तासीर के हत्यारे को जब फांसी दी गई तो उसके जनाजे में हजारों लोग उमड़े।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में अल्पसंख्यकों को सताने के हाल में सैकड़ों मामले आए हैं। ईशनिंदा के आरोपों के बहाने वहां अल्पसंख्यकों का निरंतर दमन हो रहा है। सबसे ज्यादा निराशाजनक बात यह है कि पाकिस्तान सरकार इन घटनाओं की केवल निंदा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। इसका कारण यह है कि करीब 97 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाला यह देश अपने यहां के अल्पसंख्यकों को निचले दर्जे का नागरिक मानता है, अन्यथा वह कानून हाथ में लेने वालों को अवश्य ही कठोर दंड का भागीदार बनाता।

वास्तव में इस्लामी सिद्धांतों की मनमानी व्याख्या ने इस गलत अवधारणा को बढ़ावा दिया है कि इस्लाम गैर–मुसलमानों के प्रति शत्रुता को बढ़ावा देता है। इस्लाम अन्य विचारधाराओं के प्रति शत्रुता की वकालत नहीं करता। दुर्भाग्य से इस्लाम की मान्यताओं की गलत व्याख्या करके अन्य धर्म–मजहब वाले लोगों के प्रति दुश्मनी और दुर्भावना पैदा की जाती है। इसी कारण कई इस्लामी देशों में ईशनिंदा कानूनों को अपनाया गया है। कुरान की ऐसी कोई आयत नहीं है, जो गैर–मुस्लिम समूहों के खिलाफ आक्रामकता की वकालत करती हो। इस्लाम की गलत व्याख्या करने से लोग इस्लाम के मूल इरादों से भटक जाते हैं।

यह विचित्र है कि जहां पाकिस्तान सरकार अपने अल्पसंख्यकों के दमन की घटनाओं के प्रति उदासीन दिखती है, वहीं मानवाधिकार की पैरवी करने वाले प्रतिनिधि और संगठन भी पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दयनीय दशा पर मौन धारण किए रहते हैं। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों द्वारा झेले जाने वाले गंभीर अत्याचारों पर तमाम देशों की चुप्पी भी बहुत खलती है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के दमन और उत्पीड़न के मामलों की वैश्विक स्तर पर जांच की जानी चाहिए और मानवाधिकार की वकालत करने वालों को पाकिस्तान में अल्पसंख्यक आबादी की गरिमा और जीवन की रक्षा के लिए एकजुट होकर सवाल उठाने चाहिए। अगस्त 1947 में भारत विभाजन के बाद दो अलग स्वतंत्र राष्ट्र अस्तित्व में आए। एक ने अपने नागरिकों की समानता को महत्व देते हुए लोकतांत्रिक–पंथनिरपेक्ष राज्य का रास्ता चुना, जबकि दूसरे ने इस्लामी मान्यताओं को स्थापित कर लोकतांत्रिक राज्य का विकल्प चुना। दूसरे राज्य यानी पाकिस्तान के कानूनी ढांचे ने वहां मौजूद अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इसके विपरीत भारत सभी पंथों की समानता और सबके लिए बराबर कानूनों के माध्यम से उनकी गरिमा की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ 'सबका साथ–सबका विकास' के मार्ग पर अग्रसर है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 10 महीने में 1.5 गुना मुनाफा :

## लालच में आए 40 निवेशक... मुंबई की इस कंपनी ने ठगे दो करोड़ रुपये

**मुंबई** : आगरा में मुंबई की कंपनी ने निवेश करने पर 10 महीने में 1.5 गुना मुनाफे का झांसा देकर 40 निवेशकों से करीब 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर ली। संजय प्लेस में ऑफिस पर ताला डालकर अधिकारी और कर्मचारी फरार हो गए। निवेशक भटकने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने थाना हरीपर्वत में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी। किरावली निवासी फिरोज खान ने मुकदमा दर्ज कराया है। वह एक बीमा कंपनी के लिए काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह कुछ समय पहले बेरोजगार थे। तब एक मध्यस्थ के माध्यम से मुंबई के धारावी निवासी सुभाष जायसवाल से मुलाकात हुई। उन्होंने एक कंपनी के लिए काम करने का सुझाव दिया।




एक दिन वो उन्हें मुंबई लेकर गया। महादेव पांडुरंग जाधव से मुलाकात कराई। उन्होंने खुद को रिहान एंटरप्राइजेज कंपनी का डायरेक्टर बताया। कहा कि कंपनी निवेश और फाइनेंस कार्य करती है। आप भी निवेश कर सकते हो। उन्होंने मार्च 2022 में एक आफिस संजय प्लेस में खोला है। थाना हरीपर्वत के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सुभाष जायसवाल और महादेव पांडुरंग जाधव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है।

**ये हुए धोखाधड़ी के शिकार**

फिरोज ने 31 जुलाई 2022 को 5 लाख रुपये कंपनी के खातों में जमा कराए। उनके अलावा 10 लाख रुपये दिलीप, शिशुपाल व पुष्पा देवी ने 35 लाख रुपये, रेखा अग्रवाल ने 10 लाख रुपये, अमित श्रीवास्तव ने 1 लाख, नरेंद्र सिंह ने 5 लाख रुपये, अनिल जोशी ने 5 लाख रुपये, शैलेंद्र नाथ शर्मा ने 30 लाख रुपये, प्रीति बंसल ने 40 लाख रुपये, दीपा गुप्ता ने 2 लाख, विशन कन्नौजिया ने 1 लाख जमा कराए। इसके अलावा गीता, रजनी, पिंकी, सुल्ताना, गोपालदास, कमल फैयजा बानो, नम्रता, रियासत अली, सैय्यद, आयशा अल्वी, सुलेमान कुरैशी, संजीव कुमार पाठक, रेनू सिंह, विशाल शर्मा, बबीता, संजीव कुमार शर्मा, रजनी चौरसिया, नारायणी देवी, शीला कुरैशी, राकेश कुमार दुबे ने भी रकम जमा कराई थी।

### पांचवें महीने में चेक का भुगतान हो गया बंद

आरोप के मुताबिक, डायरेक्टर ने आश्वासन दिया कि 1 लाख रुपये निवेश करने पर 10 महीने में 1.5 लाख रुपये मिलेंगे। 3 लाख रुपये निवेश करने पर 4.5 लाख रुपये कंपनी ग्राहक को देती है। गारंटी के तौर पर 10 चेक और 100 रुपये के स्टांप पेपर पर एक अनुबंध पत्र दिया जाता है। प्रत्येक महीने एक चेक से भुगतान कर दिया जाएगा। फिरोज ने 5 लाख, अपनी भाभी से 5 लाख, चाचा सद्दाम से 10 लाख और परिचित से 30 लाख रुपये लगा दिए। हर महीने रकम का चेक मिलने लगा। इस पर उन्हें विश्वास हो गया। उन्होंने कई और लोगों को जोड़ लिया। 40 से ज्यादा ने निवेश किया। पांचवें महीने से भुगतान होना बंद हो गया। चेक बाउंस होने लगे। सितंबर 2022 में संजय प्लेस आफिस बंद हो गया। तब से भटकने को मजबूर हैं। मई में पुलिस आयुक्त से शिकायत की। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 'केंद्र चीनी निर्यात पर लगा सकता है प्रतिबंध...,

## एनसीपी प्रमुख शरद पवार का दावा

**मुंबई** : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि प्याज निर्यात पर बढ़ाया गया शुल्क हटाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार चीनी निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा सकती है।

**सरकार की जिम्मेदारी**

पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री पवार गुरुवार को पुणे जिले की पुरंदर तहसील में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्याज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

**प्याज निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क**

शरद पवार ने कहा कि देश से प्याज बड़ी संख्या में निर्यात किया जाता है। सरकार ने निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा दिया है। इसका नासिक के किसान विरोध कर रहे हैं। वे अपनी प्याज की उपज के लिए उचित मूल्य की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह प्याज उत्पादकों की लागत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उचित मूल्य दे।



**उचित मूल्य मांगना किसानों का अधिकार**

उन्होंने कहा कि उचित मूल्य मांगना किसानों का अधिकार है, लेकिन सरकार कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी हालत में निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क हटाया जाना चाहिए। पवार ने यह भी दावा किया कि केंद्र चीनी निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है।

### चीनी पर लगा प्रतिबंध तो,,,

नेता ने कहा कि हमारे देश में गन्ना उत्पादकों के लिए स्थिति अनुकूल थी और उन्होंने चीनी निर्यात करने की योजना बनाई थी। लेकिन अब केंद्र सरकार चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की सोच रही है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो कोई भी राज्य सरकार गन्ने की बेहतर कीमत नहीं दे पाएगी।

### दुनिया में सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश

बता दें, ब्राजील दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक है, उसके बाद भारत है। पिछले साल ब्राजील में सूखा पड़ा था, जिसके कारण उनका चीनी उत्पादन कम हो गया था। वहीं, भारत में महाराष्ट्र दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य है।

## तबादले का आदेश वापस होने पर तेज संगीत के साथ जश्न मनाने वाला अधिकारी निलंबित

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) के एक सहायक अभियंता को जालना से रत्नागिरी तबादले का आदेश रद्द होने के बाद तेज संगीत के साथ जश्न मनाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एमएसईडीसीएल के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एमएसईडीसीएल के अधिकारी ने बताया कि सहायक अभियंता प्रकाश चव्हाण को निलंबित करने का आदेश एमएसईडीसीएल के अधीक्षण अभियंता ने बुधवार रात को जारी किया। अधिकारी ने कहा, '' चव्हाण का एक महीने पहले जालना से रत्नागिरी तबादला कर दिया गया था, लेकिन तबादले का आदेश वापस ले लिया गया था। चव्हाण ने दोस्तों के साथ यहां कन्यानगर में तेज संगीत के साथ जश्न मनाया और नाच-गाना किया, जिसे रोकने के लिए पुलिस के हस्तक्षेप की जरूरत पड़ी।




# भंडारा के स्कूल में संदिग्ध विषाक्त भोजन के सेवन के बाद 30 छात्र अस्पताल में भर्ती



**महाराष्ट्र :** पूर्वी महाराष्ट्र के भंडारा जिले में एक आश्रम विद्यालय के 30 छात्रों को संदिग्ध रूप से विषाक्त भोजन के सेवन के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को तुमसर शहर के येराली आश्रम स्कूल में हुई।

भंडारा जिला स्वास्थ्य अधिकारी मिलिंद सोमकुवर ने कहा, ''आश्रम स्कूल के कुछ छात्रों ने बृहस्पतिवार को उल्टी, पेट दर्द और बुखार की शिकायत की, जिसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने स्कूल के छात्रावास में रहने वाले 325 छात्रों की जांच की।'' उन्होंने बताया कि उनमें से 30 छात्रों को इलाज के लिए तुमसर के उप-जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, ''हमें संदेह है कि यह विषाक्त भोजन के सेवन का मामला है क्योंकि छात्रावास में परोसे गए भोजन के सेवन के बाद ही छात्र बीमार पड़ गए।'' उन्होंने कहा कि सभी छात्रों की स्थिति अब स्थिर है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। सोमकुवर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए भोजन और पानी के नमूने एकत्र किए हैं। आश्रम विद्यालय आवासीय विद्यालय होते हैं जो आदिवासी समुदायों के बच्चों को माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्रदान करते हैं।

# प्रेग्नेंसी में कैसे लगाएंगी रेस? घोड़ियों का सिल दिया प्राइवेट पार्ट...

## महाराष्ट्र में हैरान करने वाला मामला



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर से एक हैरान करने वाली खबर आई है. यहां किसी व्यक्ति ने चार घोड़ियों के प्राइवेट पार्ट्स को धातु के तार से सिल दिया है. वहीं खून से लथपथ इन घोड़ियों को सांगली के भारती अस्पताल के पास छोड़ दिया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एक स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधियों ने इन घोड़ियों को पशु अस्पताल पहुंचाया, जहां इनकी प्राइवेट पार्टस से तारों को निकालकर मरहम पट्टी की गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले में संस्था की ओर से सांगली थाना पुलिस में अज्ञात के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है. पुलिस की जांच में पता चला है कि यह चारो घोड़ियां घुड़दौड़ में शामिल होती थी और इनका परफार्मेंस हमेशा बेहतर होता था. आशंका है कि इनके मालिकों को डर था कि ये घोड़ियां मैटिंग कर प्रेग्नेंट ना हो जाएं. दरअसल प्रेग्नेंट घोड़ियों को दो से ढाई महीने तक घुड़दौड़ में शामिल नहीं किया जाता. इससे घोड़ी मालिकों को नुकसान हो जाता है. इस लिए घोड़ी मालिकों ने इनकी मैटिंग रोकने के लिए इनके प्राइवेट पार्ट को ही लोहे के तारों से सिल दिया. पुलिस के मुताबिक अभी तक इन घोड़ी मालिकों की पहचान नहीं हो सकी है. लेकिन पुलिस अपने स्तर पर पूरे मामले की छानबीन कर रही है.

पुलिस ने पशु चिकित्सकों के हवाले से बताया कि यह चारो घोड़ियां अपनी जवानी की दहलीज पर हैं. इनकी उम्र करीब तीन साल के आसपास है. कम उम्र की होने और पूरी तरह स्वस्थ होने की वजह से इनकी रेसिंग अच्छी है.

### पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

अजय बब्बर ने बताया कि इस तरह की घटना सांगली इलाके में कोई पहली बार नहीं हुई है. साल 2020 में भी इस तरह की घटना सामने आ चुकी है. उस समय भी पुलिस में शिकायत दी गई थी. लेकिन तीन साल बाद भी पुलिस आज तक उन क्रूर घोड़ी मालिकों की पहचान नहीं कर पायी है. जबकि वह घोड़ियां स्वस्थ होने के बाद फिर से रेसिंग में शामिल होने लगी हैं. पशु चिकित्सक नरेश उप्रेती ने बताया कि सांगली में घोड़ों की दौड़ खूब होती है. घोड़ों के मालिक इन्हें रेसिंग में इस्तेमाल करने के बाद खुले में चरने के लिए छोड़ देते हैं. उन्होंने बताया कि अक्सर खुले में चरने के दौरान ये घोड़े मैटिंग करते हैं. इसमें घोड़ियां प्रेग्नेंट हो जाती हैं. ऐसे में इनके मालिकों को ढाई से तीन महीने तक इन्हें रेस से बाहर करना पड़ता है.

# प्रहार जन शक्ति पार्टी को मिली दफ्तर की जगह



**मुंबई :** ओमप्रकाश उर्फ बच्चू कडू की पार्टी प्रहार जनशक्ति पार्टी को चर्चगेट में दफ्तर की जगह मिल गई है। चर्चगेट में भारतीय जीवन बीमा कार्यालय के सामने स्थित जनता दल (सेक्युलर) महाराष्ट्र के कार्यालय का 75 फीसदी हिस्सा प्रहार जनशक्ति पार्टी को दिया गया है। इस संबंध में जारी शासनादेश में कहा गया है कि चर्चगेट सीडीओ बैरक क्रमांक 10 में कमरा नंबर 1 व 2 को मिलाकर कुल 909 वर्ग फीट जगह महाराष्ट्र जनता दल (सेक्युलर) को प्रदान की गई थी। इसमें से 200 वर्ग फुट जगह जनता दल सेक्युलर के लिए छोड़कर बाकी बची 700 वर्ग फुट जगह प्रहार जन शक्ति पार्टी को दी गई है। कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुंबई को संबंधित को इस जगह पर कब्जा देने को कहा गया है। बता दें कि अचलपुर के विधायक बच्चू कडू महाविकास आघाड़ी सरकार में राज्यमंत्री थे।

## आईआईटी बॉम्बे का अचानक भर गया 'खजाना',

# मिला 160 करोड़ का चेक, जानें इन पैसों का क्या होगा?

**मुंबई :** आईआईटी-बॉम्बे को 160 करोड़ रुपये का गुमनाम डोनेशन मिला है. यह चेक एक पूर्व छात्र की ओर से आया है जो अपने बारे में पूरी गोपनीयता बनाए रखना चाहता है. रिपोर्ट के मुताबिक संस्थान के मुताबिक पहली बार किसी ने गोपनीय तरीके से इतना बड़ा अमाउंट डोनेट किया है. आईआईटीबी के निदेशक सुभाशीष चौधरी ने इसकी तुलना उन मंदिरों से की, जहां लोग हुंडी में उदार रूप से दान डालते हैं. सुभाशीष चौधरी ने कहा, 'यह पहली बार है कि हमें कोई गुमनाम दान मिला है. वास्तव में, जबकि यह संयुक्त राज्य अमेरिका में आम चलन है, मुझे नहीं लगता कि भारत में किसी भी विश्वविद्यालय को कोई ऐसा डोनेशन मिला है जहां डोनर गुमनाम रहना चाहता है. दानदाताओं को पता है कि



जब वे आईआईटीबी को पैसा देंगे, तो इसका उपयोग कुशलतापूर्वक और सही उद्देश्य के लिए किया जाएगा.'


**आईआईटी-बॉम्बे ने बताया कहां खर्च होंगे डोनेशन में मिले 160 करोड़**

यह दान ऐसे समय में आया है जब संस्था बजट में कटौती से प्रभावित हुई है और विस्तार के लिए उच्च शिक्षा वित्तीय एजेंसी से ऋण ले रही है. दान के रूप में मिली 160 करोड़ रुपए की धनराशि परिसर में ग्रीन एनर्जी एंड सस्टेनेबिलिटी रिसर्च हब स्थापित करने में खर्च की जाएगी. इसका एक हिस्सा नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और एक बड़ा हिस्सा अनुसंधान के लिए अलग रखा जाएगा. जीईएसआर हब बैटरी प्रौद्योगिकियों, सौर फोटोवोल्टिक्स, जैव ईंधन, स्वच्छ वायु विज्ञान, बाढ़ पूर्वानुमान और कार्बन कैप्चर सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान की सुविधा प्रदान करेगा. आईआईटी बॉम्बे कैम्पस में ग्रीन हब उद्योग-अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करेगा और वैश्विक विश्वविद्यालयों और निगमों के साथ सहयोग विकसित करेगा.

प्रोफेसर चौधरी ने कहा, इसका उद्देश्य हरित ऊर्जा और स्थिरता में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए व्यावहारिक और परिवर्तनकारी समाधान तलाशना है. आईआईटी बॉम्बे कैम्पस में GESR एक अत्याधुनिक स्टेट ऑफ द आर्ट शैक्षणिक भवन के रूप में विकसित होगा. इस रिसर्च हब का फोकस में जलवायु जोखिमों का मूल्यांकन करना, प्रभावी शमन रणनीतियों का विकास, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और व्यापक पर्यावरण निगरानी शामिल होगा.

# 'इंडिया' के लोगो में दिखेंगे तिरंगे के तीनों रंग...

## मुंबई में तीसरी बैठक के पहले दिन होगा अनावरण



**मुंबई :** विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले अपना लोगो तैयार कर लिया है। लोगो में राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंगों के अतिरिक्त नीले रंग का प्रयोग होगा। तीन दिवसीय बैठक के पहले दिन 31 अगस्त को लोगो जारी होगा। इसी बैठक में सीट फॉर्मूला तय करने के लिए 11 सदस्यों की कमेटी बनाई जाएगी। सूत्रों के मुताबिक गठबंधन के लिए दस लोगो तैयार किए गए थे। इसमें से एक लोगो पर सभी सहयोगियों ने सहमति दी है। लोगो में इंडिया के पहले दो अक्षर (आई और एन) केसरिया, बीच का एक अक्षर (डी) सफेद और नीला और अंतिम दो अक्षर (आई और ए) हरे रंग में होगा। बैठक में चर्चा के लिए छह बिंदु का एजेंडा रखा जाएगा।

**11 सदस्यीय कमेटी का होगा गठन**

गठबंधन से जुड़े विषयों पर विमर्श के लिए तीन दिवसीय बैठक में 11 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। इस कमेटी में कांग्रेस, जदयू, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव), माकपा, राकांपा, डीएमके, राजद, झामुमो जैसे 11 दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यही कमेटी सीट बंटवारे का फार्मूला सुझाने के अलावा गठबंधन के लोकसभा चुनाव प्रचार के मुद्दे तय करेगी।




# मुंबई में 600 पुनर्वास एसआरए परियोजनाएं विभिन्न कारणों से रुकी...



**मुंबई :** मुंबई में हजारों लोगों को उचित आवास प्रदान करने और झुगीवासियों के रहन-सहन में सुधार लाने के लिए एसआरए के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के अधीन पुनर्वास परियोजनाएं लागू की जाती हैं। हालांकि, कई परियोजनाओं के रद्द होने के कारण, वर्षों से ट्रांजिट शिविरों में रहनेवाले और बकाया किराएवाले नागरिकों और हाउसिंग सोसाइटी के सदस्यों के प्राधिकरण के कार्यालय में पहुंचने की संख्या में वृद्धि हुई है। जानकारी के मुताबिक, मुंबई में करीब ६०० परियोजनाएं विभिन्न कारणों से रुकी हुई हैं।

एसआरए के माध्यम से मुंबई में कई योजनाएं चल रही हैं। कई परियोजनाएं का काम हो रहा है। हालांकि, कुल परियोजनाओं में से ५९९ परियोजनाएं विभिन्न कारणों से रुकी हुई हैं। इनमें से अधिकतर परियोजनाएं फंड की कमी के कारण रुकी हुई हैं। एसआरए द्वारा रुके प्रोजेक्ट्स की समीक्षा चल रही है। साथ ही प्राधिकरण इन परियोजनाओं में आ रही अड़चनों को दूर करने का प्रयास कर रहा है। इस बीच २०२२ में रुकी हुई परियोजनाओं को गति देने के लिए तत्कालीन महाविकास आघाड़ी सरकार ने अभय योजना की घोषणा की थी। अब 'अभय योजना' को लेकर सरकार निष्क्रिय दिखाई दे रही है। सितंबर २०२२ से अब तक २१९ एसआरए परियोजनाएं रुकी हुई हैं।

# मौसमी बीमारियों की रफ्तार कम न होने से लोग परेशान



**मुंबई :** मुंबई में मौसमी बीमारियों की रफ्तार कम न होने से लोग परेशान और चिंतित हैं। ऐसे में रेलवे स्टेशनों पर भी मलेरिया रोग फैलानेवाले एनोफिलीज मच्छरों ने आतंक मचा रखा है। इसमें पश्चिम रेलवे के दादर, माटुंगा, माहिम और मध्य रेलवे के सायन सहित नौ स्टेशनों पर एनोफिलीज मच्छरों के लार्वा पाए गए हैं। इसे लेकर मनपा प्रशासन की ओर से कहा गया है कि यहां मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए फ्युगिगेशन किया जा रहा है।

मुंबई समेत महाराष्ट्र में जुलाई महीने में हुई भारी बारिश के बाद मानसूनी बीमारियों ने भी सिर उठा लिया। हालांकि, इसके बाद बारिश पर ब्रेक तो लग गया लेकिन मानसूनी बीमारियों की चपेट में आनेवाले मरीजों की संख्या बढ़ना जारी है। इसमें पूरे मुंबई में १५ अगस्त तक मलेरिया के ४६२, डेंगू के ३१७ मामले, लेप्टो के १५१ और गैस्ट्रो के ४२९ मामले सामने आए। हालांकि १५ से २० अगस्त के बीच मलेरिया, डेंगू, लेप्टो, स्वाइन फ्लू और पीलिया जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या में १०० से १५० की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी बीच अब रेलवे की सीमा में भी तरह-तरह की मौसमी बीमारियों ने अपना बसेरा बना लिया है। इस पृष्ठभूमि में मनपा के जी नॉर्थ विभाग ने मच्छरों के लार्वा की खोज के लिए एक अभियान चलाया है। इस अभियान में दादर, माहिम, माटुंगा और सायन समेत नौं स्टेशनों की छतों पर मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के लार्वा मिले हैं। जी नॉर्थ विभाग के सहायक आयुक्त प्रशांत सपकाले ने कहा कि मनपा कीटनाशक विभाग मच्छरों के लार्वा के प्रजनन स्थानों को नष्ट करने के लिए दवा का छिड़काव कर रहा है।

मानसून में होनेवाली बीमारियों की रोकथाम के लिए मुंबई मनपा ने मच्छरों के लार्वा की तलाश में कीटनाशकों के छिड़काव का अभियान शुरू किया है। इमारत परिसरों में पानी की टंकियां, छत पर डाले गए अनावश्यक सामान, झुग्गियों में पानी के ड्रम, प्लास्टिक के तिरपालों में जमा बारिश का पानी, मलबा, निर्माण स्थल आदि का निरीक्षण किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान मच्छरों का लार्वा पाए जाने पर प्रजनन स्थलों को नष्ट किया जा रहा है।

# चेन छीनकर भाग रहे चोर को युवकों ने दौड़ाकर दबोच लिया



**कल्याण :** रमी सर्कल में हारने के बाद एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की सोने की चेन छीनकर भाग रहे चोर को कुछ बहादुर युवकों ने दौड़ाकर दबोच लिया, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना डोंबिवली के विष्णुनगर थाना क्षेत्र की है। आरोपी की पहचान नितिन ठाकरे के रूप में हुई है, जो भिवंडी के दुगाड का रहने वाला बताया गया है। विष्णुनगर पुलिस के अनुसार, पेंडसे नगर डोंबिवली-पूर्व की रहने वाली सुवर्णा अनिल नेवगी नामक बुजुर्ग महिला बाजार से सामान खरीदकर घर वापस आ रहा थी। रास्ते में गांधी गार्डन के पास पुल पर चढ़ते समय चोर ने उन्हें धक्का दे दिया और गिर जाने के बाद उनके गले से सोने की चेन खींचकर भागने लगा।

# कांग्रेस के पूर्व नगरसेवकों की पसंद बन रहे एकनाथ शिंदे

## आज बड़ी संख्या में शिवसेना का थामेंगे दामन



**मुंबई :** शिवसेना में फूट के बाद एकनाथ शिंदे और उद्धव सेना की दो शिवसेना बनी है। शिवसेना का दो गुट बनने के बाद धनुष्य बाण की शिवसेना जिसे बाला साहेब ठाकरे की शिवसेना माना जा रहा है वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना है। मनपा में कांग्रेस के पूर्व नगरसेवकों की पसंद एकनाथ शिंदे की शिवसेना बन रही है । कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक सुनील मोरे और कमलेश राय एकनाथ शिंदे का दामन पहले ही पकड़ चुके है । राकांपा की भी दो नगरसेविका भी एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थाम चुकी है अब सूत्रों की माने तो कांग्रेस के लगभग 8 नगरसेवक एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थामेंगे। जिसमे कुछ दिग्गज नेता भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में एकनाथ शिंदे और भाजपा की सरकार बनने के बाद और उसमे भी रांजपा नेता अजीत दादा के शामिल हो जाने के बाद सरकार का दब दबा बढ़ता जा रहा है मुंबई मनपा जो देश की सबसे धनी महानगर पालिका मानी जाती है जिसका कार्यकाल फरवरी 2022 से खत्म हुआ है। मनपा में अभी प्रशासक के रूप में मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल की देखरेख में मनपा का काम काज चल रहा है। मनपा का चुनाव को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में है जिसके चलते चुनाव भी नही हो पा रहा है इसके बावजूद पूर्व नगरसेवकों का पाला बदलने का काम तेजी से चल रहा है। शिवसेना में पड़ी फूट के बाद उद्धव सेना के पूर्व नगरसेवक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो रहे है शिवसेना के साथ साथ अब कांग्रेस और राकंपा के पूर्व नगरसेवकों की पसंद एकनाथ शिंदे की शिवसेना होती जा रही है पिछले दिनो कांग्रेस से तीन बार नगरसेवक रहे सुनील मोरे जिनकी पत्नी भी नगरसेविका थी वह शिंदे का दामन थामा इसी तरह पूर्व नगरसेवक रहे कमलेश राय जिनकी पत्नी भी नगरसेविका थीं वह भी एकनाथ शिंदे के साथ चले गए है उसके बाद दो राकांपा के नगरसेविका रेशमा बानो वकील शेख और नाजिया सोफिया एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ जा चुकी है।

मनपा के 2017 में हुए चुनाव में कांग्रेस के 30 नगरसेवक चुन कर आए थे। जिसमे 1 नगरसेवक की सदस्यता रद्द हो गई और 29 कांग्रेस के 29 नगरसेवक शेष बचे थे। सुनील मोरे एकनाथ शिंदे का दामन पहले ही थाम चुके है सूत्रो की माने तो आज कांग्रेस के 8 पूर्व नगरसेवक एकनाथ शिंदे का दामन थामेंगे। जिसमे पुष्पा कोली, राजेंद्र नरवनकर, सोफियान वणू, गंगा माने और मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा का नाम मुख्य रूप से है।

# प्रतिदिन लगभग एक किसान आत्महत्या कर रहा है!



**मुंबई :** विदर्भ क्षेत्र के यवतमाल जिले में १ जून से प्रतिदिन लगभग एक किसान आत्महत्या कर रहा है। इतना ही नहीं १ जनवरी से विदर्भ क्षेत्र के १० जिलों में कई महिलाओं सहित कम से कम १,५६७ किसानों की जान चली गई। ईडी सरकार के कार्यकाल में यह परेशान करनेवाला आंकड़ा सामने आया है। यह जानकारी सामाजिक कार्यकताओं ने दी। 'विदर्भ जन आंदोलन समिति' के अध्यक्ष किशोर तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि कृषि संकट से देश में सबसे ज्यादा प्रभावित यवतमाल में १ जून से अब तक ८२ किसानों ने हताश होकर यह कदम उठाया है, जो लोकसभा चुनाव से पहले सरकार के लिए निराशाजनक स्थिति का संकेत है।

तिवारी ने बताया, 'इतना ही नहीं १ जनवरी से विदर्भ क्षेत्र के १० जिलों में कई महिलाओं सहित कम से कम १,५६७ किसानों की जान चली गई, जो विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक या मानव निर्मित समस्याओं से जूझ रहे हैं। विदर्भ के कृषि संकट का पहली बार जनता के सामने आने के बाद आठ महीने का यह आंकड़ा (१,५६७) पिछले २५ वर्षों में एक 'नया रिकॉर्ड' है। इस आंकड़े के सार्वजनिक होने के बाद तिवारी ने व्यवस्थित रूप से निगरानी शुरू कर दी, जिसे वे कभी न खत्म होनेवाला 'किसान नरसंहार' कहते हैं। उन्होंने बताया कि यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के कुछ दिनों बाद आया है कि भारत ने पिछले नौ साल में रिकॉर्ड कृषि विकास हासिल किया है।

तिवारी ने कहा कि तमाम बड़े-बड़े वादे और आश्वासन देने के बावजूद आत्महत्याओं का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है, क्योंकि स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक पहल की कमी और असंवेदनशील प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ ढह गई है। सरकार पृथ्वी के नरक पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय चंद्रमा को देखने में व्यस्त है, जहां किसान पर्याप्त रिटर्न के बिना अपना पूरा जीवन खपा रहे हैं। किसानों की मौतों में नवीनतम उछाल के कारणों को सूचीबद्ध करते हुए तिवारी ने कहा कि मुख्य नकदी फसल, कपास-जो बहुत कम मांग का सामना कर रही है, ने अर्थव्यवस्था को रोक दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस संकट में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि यह चुनावी वर्ष है और निकट भविष्य में भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के वादे 'तेजी से खोखले साबित हो रहे हैं।'




# महाराष्ट्र/ शिंदे समेत 16 विधायकों ने 6000 पेज में दिया लिखित जवाब,



## स्पीकर बोले- पढ़ने के बाद लेंगे फैसला

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में शिवसेना के टूटने से बागी विधायकों की अयोग्यता के मामले में जल्द सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। शिवसेना (शिंदे गुट) के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों ने इस मामले में 6,000 पन्नों का लिखित जवाब दाखिल किया है। इस पर महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को कहा कि विधायकों के जवाब का अध्ययन करने के बाद नियमानुसार निर्णय लेंगे। नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना (शिंदे गुट) के 16 विधायकों ने 6,000 पन्नों के लिखित जवाब में अपना कानूनी पक्ष रखा है। इसे देखने के बाद सभी विधायकों से आमने-सामने बात की जाएगी। बता दें कि जून 2022 में शिवसेना से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर राज्य में नई सरकार बनाई थी। इसके बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट की ओर से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में जल्द सुनवाई का निर्देश दिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने 16 विधायकों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। अब इन विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को अपना जवाब सौपा है। वहीं, उद्धव ठाकरे गुट ने इस मामले की सुनवाई में देरी का आरोप लगाया है।

# मुंबई/ गणेश मंडपों से नहीं वसूला जाए किराया

## मंडलों की उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मांग

**मुंबई :** गणेशोत्सव मंडलों के शिष्टमंडल ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मांग की है कि गणेशोत्सव के दौरान मंडप के लिए किराया नहीं वसूला जाना चाहिए। साथ ही सभी महानगरपालिकाओं की सीमा में मंडप बनाने की अनुमति देने के लिए एकल खिड़की योजना शुरू करने तथा गणेशोत्सव के दौरान गणेश उत्सव समिति के सदस्यों के खिलाफ दर्ज किए गए अपराधों को माफ करने और विसर्जन घाट पर बड़ी जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई। अजित पवार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में ठाणे जिले के सभी महापालिका आयुक्त और मुंबई आयुक्त के साथ सभी संस्थाओं की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि गणेश मंडलों की मांग पर सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे मौजूद थे। ठाणे जिला समन्वय समिति, मुंबई गणेशोत्सव समिति, अखिल भारतीय सार्वजनिक उत्सव समिति महाराष्ट्र और कल्याण शहर गणेशोत्सव



समन्वय समिति की ओर से राकांपा क्षेत्रीय कार्यालय में उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुलाकात की और समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन दिया। इस अवसर पर राकांपा के ठाणे शहर जिला अध्यक्ष आनंद परांजपे, मुंबई के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राणे, दक्षिण मुंबई जिला अध्यक्ष महेंद्र पानसरे, अखिल भारतीय उत्सव समिति महाराष्ट्र के अध्यक्ष हितेश जाधव, ठाणे जिला गणेशोत्सव समन्वय संगठन के अध्यक्ष समीर सावंत और कल्याण शहर गणेशोत्सव संगठन के संदीप पंडित उपस्थित थे।

### राकांपा मंत्रियों का 28 अगस्त से जनता दरबार

**अजित पवार गुट के राकांपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि आम लोगों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संवाद के लिए 28 अगस्त से पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय में राकांपा मंत्रियों का जनता दरबार शुरू किया जाएगा। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सुबह 9 से 11 तक मेडिकल शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ, मंगलवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक खेल मंत्री संजय बनसोडे, दोपहर 2 ते 4 तक कृषि मंत्री धनंजय मुंडे, शाम 4 से 6 बजे से खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबळ उपस्थित रहेंगे। बुधवार शाम 4 से 6 बजे तक सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल और एफडीए मंत्री धमार्रावबाबा आत्राम, गुरुवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक राहत व पुनर्वसन मंत्री अनिल पाटिल, शाम 5 से 7 बजे तक महिला व बालविकास मंत्री अदिती तटकरे उपस्थित रहेंगी।**

# मुंबई के मुलुंड में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत,

**मुंबई :** मुंबई के मुलुंड इलाके में गुरुवार को एक व्यक्ति को करंट लग गई। करंट लगने से शख्स की मौत हो गई। मुंबई पुलिस के हवाले से बताया कि जब यह घटना हुई, तब वह एक मंदिर में किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। मुंबई पुलिस ने बताया कि करंट लगने की घटना के बाद उस व्यक्ति को फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुंबई पुलिस को आया विमान में बम होने का फर्जी कॉल,

**सतारा :** एक 10 साल के बच्चे के द्वारा मुंबई एयरपोर्ट पर बम की हॉक्स कॉल करने का मामला सामने आया है. मुंबई से 250 किलोमीटर दूर सतारा के रहने वाले एक बच्चे ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बम होने की बात पुलिस इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करके बताई. आनन फानन में मुंबई पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद इसे हॉक्स कॉल घोषित कर दिया गया.

# ग्रांट रोड से फ्री वे एलीवेटेड रोड टेंडर को रद्द करने का मनपा ने रखा प्रस्ताव

## दोबारा टेंडर कराने की तैयारी...



**मुंबई :** पश्चिम को पूर्व से जोड़ने के लिए ग्रांट रोड से ऑरेंज गेट फ्री वे तक बनाए जाने वाले एलीवेटेड ब्रिज का टेंडर रद्द करने का प्रस्ताव मनपा प्रशासन ने किया है। मनपा ने इस एलीवेटेड ब्रिज बनाने के लिए। 638 करोड़ का ठेका दिया था। मनपा ने तकनीकी कारण बताते हुए इस टेंडर को रद्द करने का निर्णय लिया मनपा ने लिया है। मनपा का कहना है कि एलीवेटेड ब्रिज बनाने के लिए दोबारा टेंडर किया जाएगा। बता दे कि मनपा ने फरवरी 2023 में ग्रांट रोड से एलोगेट फ्री वे तक एलीवेटेड ब्रिज बनाने का निर्णय लिया था। मनपा प्रशासन द्वारा निकाले गए टेंडर में 638 करोड़ का ठेका एलीवेटेड ब्रिज बनाने का दिया गया था। एलीवेटेड ब्रिज बनाने को लेकर निकाले गए टेंडर की प्री बीड मीटिंग में ठेकेदार द्वारा दिए सुझाव में काफी खामियां होने की जानकारी सामने आई है। मनपा ने दक्षिण मुंबई के मुख्य भाग मुंबई सेंट्रल को पूर्व की ओर जोड़ने के लिए ओर लोगों को पश्चिम से पूर्व की ओर जाने के लिए यह नया सड़क मार्ग उपलब्ध कराने का निर्णय लिया था। एलीवेटेड ब्रिज बनने के बाद ग्रांट रोड़, नाना चौक, नेपीएसी रोड, ताड़देव, मुंबई सेंट्रल, हैंकाक ब्रिज , रामचंद्र भट्टमार्ग जेजे फ्लाई ओहर, मोहम्मद अली रोड , को जोड़कर एलो गेट फ्री वे को जोड़ा जाना था जिससे लोग फ्री वे से पूर्व उपनगर की ओर आसानी से जा सकेंगे।मनपा अधिकारियो का कहना है कि यूटीलिटी में बड़े पैमाने पर बदलाव करना पड़ेगा। एलीवेटेड ब्रिज बनाने के लिए पीलर डालने के दौरान बेस्ट केबल लाइन सहित सीवर लाइन और जमीन के नीचे बनी स्ट्रॉम वाटर ड्रेन की लाइन में बड़ा बदलाव करना होगा जिसके चलते ठेकेदारों द्वारा प्री बीड में दिए गए सुझाव से खर्च बढ़ने की संभावना वयक्त की जा रही है। मनपा का कहना है कि इतने बदलाव के बाद ब्रिज बनाने की लागत बहोत बढ़ जाती जिसके चलते मनपा ने टेंडर को रद्द कर दोबारा टेंडर निकालने की जानकारी दी है।

# अब तक 466 मवेशियों की लील चुका है जिंदगी...

## नांदेड़ लंपी वायरस से पीड़ित जिला घोषित

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नांदेड़ को लंपी प्रभावित जिला घोषित कर दिया गया है. दरअसल, नांदेड़ में चर्मरोग से ग्रस्त मवेशियों की बढ़कर 3,618 तक पहुंच गई है. इस वजह से सरकार ने यह फैसला किया गया है. एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. नांदेड़ में अब तक 400 से अधिक मवेशियों की लंपी बीमारी के कारण मौत हो चुकी है. अधिकारी ने बताया कि जिले इस बीमारी से अब तक 466 मवेशियों की मौत हो चुकी है जबकि 2638 संक्रमित मवेशी स्वस्थ भी हुए हैं



और फिलहाल 513 का इलाज चल रहा है. उन्होंने आगे बताया, ''नांदेड़ में (इस रोग से) कुल 197 गांव प्रभावित हुए हैं. इन 197 गांवों के पांच किलोमीटर के दायरे में कुल 643 गांव हैं.

इस बीमारी पर अंकुश के लिए जिलाधिकारी ने इस जिले को लंपी चर्मरोग प्रभावित जिला घोषित कर दिया है. इस रोग की रोकथाम के लिए अबतक 3.67 लाख मवेशियों को टीका लगाया गया है.'' अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार इन 197 गांवों से मवेशियों को बाहर ले जाने पर रोक लगाई गई है. उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने लोगों से संक्रमित और गैर संक्रमित मवेशियों को एक-दूसरे से अलग रखने और संक्रमण नाशकों का छिड़काव कराने की अपील की है जबकि अधिकारियों से स्थिति की कड़ी निगरानी करने को कहा गया है.

### सीमा पर निगरानी के लिए बनी चौकियां

**अधिकारी ने बताया कि राज्य की सीमा पर चौकियां बनाई गई हैं ताकि संक्रमित मवेशियों को नांदेड़ से पड़ोसी राज्य तेलंगाना नहीं ले जाया जा सके. लंपी चर्मरोग एक वायरस जनित रोग है जिसमें मवेशी को बुखार हो जाता है और त्वचा पर गाठें उत्पन्न हो जाती हैं. यह एक जानलेवा बीमारी है, अब तक पूरे देश में इस बीमारी से कई मवेशियों की जान जा चुकी है.**




# दस दिन में आरोप पत्र दाखिल कर मामले में करें प्रभावी पैरवी : एसपी

## महिला सुरक्षा जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार करने के दिये निर्देश



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों, समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान कई बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी।

इन बिन्दुओं में शासन की मंशानुरूप जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देते हुये समस्त पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में प्रभावी जनसुनवाई कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। जिससे जनता को अपनी समस्यायें लेकर मुख्यालय पर न आना पड़े। समस्त अधिकारी व कर्मचारी जनता से मधुर एवं विनम्र व्यवहार रखते हुये ईमानदारी व निष्पक्षता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध की रोकथाम हेतु प्रभावी गस्त प्रणाली लागू करने हेतु निर्देशित किया गया। आपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित अभियोगों की विवेचना समय से कराने एवं 10 दिवस के अन्दर विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित करने तथा प्रभावी पैरवी कर साक्ष्य की कार्यवाही 30 दिवस के अन्दर पूर्ण कराकर सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के स्कूल, कालेज, कोचिंग सेन्टर, प्रमुख बाजार, धर्म स्थलों पर महिला सुरक्षा जागरुकता के सम्बन्ध में प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। सभी विभाग के अधिकारियों में आबकारी, जेल अधीक्षक, अभियोजन विभाग, जीआरपी, आरपीएफ से समन्वय स्थापित कर कार्य करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चौराहों, बाजारों आदि में सीसीटीवी कैमरै लगवाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे अपराध नियत्रण में सहयोग मिलेगा।

आगामी त्योहार रक्षाबन्धन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक करने एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये। यातायात प्रबन्धन एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क पर अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में एआरटीओ, सीओ ट्रेफिक, टीएसआई से वार्ता की गयी। जनपद में गैगस्टर एक्ट, 14(1) गैंगस्टर एक्ट, एन.एस.ए. के तहत कार्यवाही, लूट, नकबजनी, शस्त्र चोरी, वाहन चोरी आदि के पंजीकृत अभियोगों में कार्यवाही, वांछित, वारन्टी, टॉप टेन, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही, अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए तथा अभियोगो में वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाये तथा निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, उपजिलाधिकारी, आबकारी , जेल अधीक्षक, अभियोजन विभाग, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, जीआरपी, आरपीएफ, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती से लोगों का जीना हुआ मुहाल

## पार्षद प्रतिनिधियों ने डीएम को भेजा पत्र, कार्यवाही की मांग



**ललितपुर।** शहर में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर हा-हाकार मचा हुआ है। इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए वार्ड संख्या 16 व 12 के पार्षद प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को संयुक्त रूप से पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराये जाने की मांग उठायी है।

पार्षद प्रतिनिधि अमित कुशवाहा व विनोद कुशवाहा ने बताया कि दोनों वार्डों के मोहल्लों में करीमनगर, आजादपुरा, नईबस्ती आदि स्थानों पर विगत तीन दिन से विधुत आपूर्ति ठप्प पड़ी हुयी है जिससे इस भीषण गर्मी में जनता काफी परेशान हो रही है। बताया कि विद्युत सप्लाई बाधित होने पर विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को जब उपभोक्ता फोन लगाते है तो किसी भी आला अधिकारी किसी भी उपभोक्ताओं के फोन रिसीव नही करते है। जब बार्ड पार्षद ने सम्बन्धित विधुत विभाग के जे.ई. को फोन से बिजली कटौती के सम्बन्ध में अवगत कराना चाहा तो जेई के द्वारा उनका फोन तक रिसीव नहीं किया गया एवं विद्युत विभाग के अन्य अधिकारियो से उक्त विद्युत के संबंध में वार्ता करने पर अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है ऐसी स्थिति में उक्त स्थानो की विद्युत आपूर्ति लम्बे समय तक बाधित रहती है। जिससे फीडर के उपभोक्ता काफी परेशान रहते है। पार्षद ने कहा कि तत्काल बिजली सुचारू करवायी जाना आवश्यक है बा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाना आवश्यक है। पार्षदों ने जिलाधिकारी से विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ कराये जाने की मांग उठायी है।

### आजादपुरा प्रथम में पेयजल आपूर्ति हो निर्बाद्ध

वार्ड संख्या 16 के पार्षद प्रतिनिधि ने डीएम को एक और पत्र देते हुये अवगत कराया है कि मोहल्ला में स्थित बरिया के पास, टौरिया मोहल्ला व राजपूत कालोनी में पेयजल की समस्या गंभीर रूप धारण कर रही है। उन्होंने बताया कि यहां पाइप लाइन नहीं डाली गयी है, तो वहीं दूसरी ओर बोर भी सफल नहीं हैं। ऐसे में उन्होंने आमजन की इस मूलभूत समस्या को ध्यान में रखते हुये पेयजल आपूर्ति लाइन डलवाकर कराये जाने की मांग उठायी है।

### गैंगस्टर में वांछित तीन शातिर बदमाश पुलिस ने पकड़े



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व सीओ सिटी अभय नारायण राय के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर गैंगस्टरों को पकडने में महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की है। कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया सेल के जरिए जारी किये प्रपत्र से बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त ग्राम बिरारी निवासी देवेन्द्र कुशवाहा पुत्र स्व.राजाराम कुशवाहा, बिरारी निवासी हरलाल कुशवाहा पुत्र बैजनाथ कुशवाहा एवं बृजभान कुशवाहा पुत्र स्व.राजाराम को कैलगुवां तिराहा से हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि तीनों शातिर किस्म के अपराधी हैं, और इनके खिलाफ आपराधिक इतिहास भी है। शातिर अपराधियों को पकडने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अनुज सिंह गंगवार, हे.कां.राजकरन सिंह, हे.कां.सर्वेश कुमार, कां.अनिल कुमार व कां.अंकित तिवारी शामिल रहे।

# विहिप की कार्ययोजना जिला बैठक में कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

## आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने में योगदान देने का किया आह्वान



**ललितपुर।** नगर के इलाइट चौराहे पर स्थित एक होटल में ललितपुर जिले की कार्ययोजना बैठक प्रांतीय अध्यक्ष विहिप डा.उमेश पालीवाल एवं प्रान्त सह मंत्री अभिनव दीक्षित के सानिध्य में सम्पन्न हुई। जिसमे विभाग संगठन मंत्री चन्द्रिका, प्रान्त सह संयोजक शुभम कौशिक, प्रान्त संयोजिका दुर्गावाहिनी बहन अवनी उपस्थित रही। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवलकिशोर सोनी ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री रामेश्वर मालवीय ने किया। बैठक के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा की संगठन के विस्तारीकरण इकाईयों पर बल दिया। प्रांतीय सह मंत्री ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि अगले मास होने वाली शौर्य यात्रा में खण्ड से लेकर विभाग तक कि सभी इकाई अपनी भूमिका निभाएं। इसके अतिरिक्त विश्व हिन्दू परिषद के वार्षिक कार्यक्रम रामायण परीक्षा, स्थापना दिवस (जन्माष्टमी), दुर्गाष्टमी व गौपाष्टमी से समन्धित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से परिचर्चा हुई। बैठक में विहिप की विभिन्न आयामों के दायित्वों को निम्नवत सौंपा गया, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका मधुरिमा तिवारी, जिला सह संयोजिका सपना सेन, जिला संयोजिका शक्ति साधना केंद्र नैंसी अहिरवार, जिला संयोजिका मातृशक्ति प्रतिमा श्रीवास्तव, जिला संस्कार प्रमुख सरोज श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष विहिप शुभ्रा जैन एवं बजरंग दल संजू लोधी जिला सहसंयोजक, आलोक जैन जिला सुरक्षा प्रमुख, अंशुल झा सह सुरक्षा प्रमुख, दीपक हिन्दू जिला मिलन केंद्र प्रमुख, संजय सेन पहलवान जिला बलोपासना प्रमुख, राहुल कोरी सह बलोपासना प्रमुख, संजू ग्वाला सह गौरक्षा प्रमुख एवं नगर संयोजक अमन सोनी (चिक्की) को दायित्व दिया गया। बैठक में जिला कार्याध्यक्ष शैलेंद्र बुंदेला जिला संयोजक विजय बजरंगी, एवं प्रान्त, विभाग, जिला, प्रखंड व खण्ड कार्यकरणी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।




# भावी प्रत्याशी गलियों की छान रहे खाक, मांग रहे जनता से आशीर्वाद

## जनता के बीच जैतपुर विधानसभा मे विधायक के दावेदारों की भीड़

**जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बनाने में दोनो दलों के नेता चुनावी साल आते ही सक्रिय नजर आ रहे है। ज्ञात हो कि जैतपुर की राजनीति में दोनों की राजनीति में दोनो दलों के नेता आपसी सामंजस्य बनाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। बीते चार पंच वर्षीय कार्यकाल में जनता ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओ को मौका देकर अपने क्षेत्र के विकास को लेकर भरोसा जताया था। अब 2023 में विधानसभा चुनाव होने है जिसको लेकर नेता अब जनता को रिझाने गली गली में आसानी से देखे जा सकते है।**

**शहडोल।** जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र मेचुनाव के मद्देनजर नेताओ ने अपनी जमीन टटोलना शुरू कर दिया है। गांव के छोटे से छोटे कार्यक्रमों में आना जाना नेताओ का अब रोज का काम हो गया है। विधानसभा की जनता अब चर्चा कर रही है कि चुनावी साल आते ही ये नेता गली गली की खाक छानते नजर आने लगे है। भारत जोड़ो यात्रा, हाथ से हाथ जोड़ो तो अब विकास यात्रा लोगो को दिखाया जा रहा है। जनता सब देख रही है कि विकास की यात्रा में विकास कहां और कब हुआ है। अगर विकास हुआ है तो लोगो को बताने की क्या जरूरत है?

***सामंजस्य बनाकर चलते हैं नेता:*** जनता अब चाय पर चर्चा करते बताती है कि जैतपुर विधानसभा के दोनो राजनीतिक दलों के नेता खुलकर जनता के पक्ष में सामने आते दिखाई नहीं पड़ते है और न ही अपने प्रतिद्वंदियों पर सवालिया निशान लगाते नजर आते हैं। ।

**दो दशक मे इन जनप्रतिनिधियों ने किया राज:** बीते 2 दशक की बात करे तो विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2003 से भाजपा से प्रत्याशी रहे छोटेलाल सरावगी को सुहागपुर की जनता ने अपना प्रतिनिधत्व सौंपा, जो 2008 में हुए विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी का परचम लहरा जय सिंह मरावी को कमान सौंपी गई थी इनके 2 पंचवर्षीय कार्यकाल के विकास को देख क्षेत्र की जनता ने इन्हे 2013 के चुनाव में जय सिंह मरावी पर दोबारा भरोसा जताया। जनता एवं कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण तत्कालीन विधायक जय सिंह मरावी की सीट बदल दी गई और उन्हें जैतपुर के स्थान पर जयसिंह नगर से चुनाव लड़ाया गया और वहां से भी वे विजई रहे। वर्ष 2018 में जैतपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती मनीषा सिंह को टिकट प्रदान की और वे चुनाव जीतने में सफलता अर्जित की। अब 2023 में चुनाव होना है देखना होगा कि जनता अपने लिए किस दल का नेता चुनती है। बहरहाल ये दोनो पूर्व और वर्तमान विधायक जनता के शरण में नजर आ रहे है। देखना होगा कि पार्टी इन पर भरोसा जताती है या नही?

***कांग्रेस से इनकी रहेगी युवा दावेदारी:*** जैतपुर विधानसभा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जिसके कारण यहां पर अनुसूचित जनजाति वर्ग की सीट आरक्षित रहती है। अगर वर्तमान विधायक को छोड़कर बात की जाय तो युवा चेहरे में कांग्रेस से सुश्री उमा धुर्वे है जो वर्तमान में जनपद पंचायत बुढार की अध्यक्ष हैं। पूर्व में जिला पंचायत सदस्य भी रह चुकी हैं और वर्ष 2018 में कांग्रेस की टिकट से विधानसभा चुनाव लड़ी थी और उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा था दूसरा नाम नागेश्वरी सिंह का है जो क्षेत्र में आदिवासी नेत्री के रूप में पहचान रखती है और जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत की सरपंच हैं। तीसरा चेहरा पूर्व में आदिवासी आयुक्त रह चुके अमर सिंह की पत्नी का नाम भी टिकट के दावेदारों में सामने आ रहा है, । बहरहाल इन दावेदारों में पार्टी किस पर दांव लगाती है ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बताया जाता है कि जैतपुर विधानसभा सीट में 3 पंचवर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस पार्टी ने टिकट प्रदान करने में किसी को भी दोबारा टिकट नहीं किया और हमेशा ही नए चेहरे पर भरोसा जताया।

**भाजपा से इन युवा चेहरों की होगी दमदार दावेदारी:** 2023 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में जैतपुर से भाजपा की बात की जाए तो पूर्व विधायक को छोड़कर युवा चेहरों में सबसे पहला नाम रामवती सिंह गुड्डी का आता है जो वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है और दो पंचवर्षीय कार्यकाल में ग्राम पंचायत मोहतरा के सरपंच रहे हैं। इनकी पकड़ आशा कार्यकर्ताओं में एवं क्षेत्र में अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों में खासी है।पार्टी में इनकी सक्रिय भूमिका है, दूसरे नंबर पर दावेदारी सुनैना सिंह का आ रहा है जो कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री हैं। सुनैना भी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुकी हैं और इन्हें चौथा स्थान प्राप्त हुआ था और पराजय का मुंह देखना पड़ा। बहरहाल इन युवा महिला नेत्रीयों में पार्टी किस पर दांव लगाती है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा या फिर वर्तमान विधायक मनीषा सिंह एवं पूर्व विधायक जय सिंह मरावी पर पार्टी भरोसा जताएगी। ज्ञात हो कि जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुकी श्रीमती मनीषा सिंह जिला पंचायत के चुनाव में पराजय का सामना करी थी और उन्हें टिकट प्रदान किया गया था। जय सिंह मरावी को 70 पार के फैक्टर के कारण टिकट से वंचित भी होना पड़ सकता है।

# नागद्वारी यात्रा में मासूम बालिका ने बढ़ाया पैदल चलने वाले भक्तों का उत्साह

### 5 साल की वंशिका ने पैदल पार की सात पहाड़ी

**छिन्दवाड़ा।**

छिंदवाड़ा /नागद्वारी की यात्रा का नाम सुनते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं सात पहाड़ियों के दुर्गम इलाके को पैदल पार करके मंदिर तक पहुंचाना आसान नहीं होता जहां यात्रा के दौरान युवाओं के हौसले पस्त हो जाते हैं वही एक पांच साल की बालिका ने पैदल यात्रा करके सबको हैरत में डाल दिया वंशिका पटेल ने यह यात्रा केवल हस खेल कर पूरी की बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सकुशल वापस आ गई वंशिका के इस हौसले को



देखकर पूरा परिवार प्रसन्न है वंशिका पटेल इन दोनों चौकसे कॉलोनी मैं चर्चा का विषय बनी हुई है वह भी नए इतनी कम उम्र में नागद्वारी जैसी कठिन यात्रा पैदल करके जो आई है आमतौर पर इस यात्रा में बच्चे नहीं जाते सात पहाड़ को पार करके जाना और फिर रुकने का कोई साधन नहीं है नहीं खाना का कोई ठिकाना इन परिस्थितियों में बच्चों को ले जाना लोग उचित नहीं समझते लेकिन वंशिका की जिद ने उसे नागद्वार पहुंचा दिया वहां भगवान भोलेनाथ और नाग देवता के दर्शन और पूजा अर्चना करने के बाद वंशिका अपने परिवार के साथ वापस लौट कर आ गई ना कोई थकान ना ही चिड़चिड़ाहट इसे वंशिका के परिजन भगवान का आशीर्वाद ही मान रहे हैं। वंशिका के परिजनों ने बताया कि पूरे समय वंशिका मस्ती करते नजर आई कठिन चढ़ाई में भी वंशिका को गोद में लेने की जरूरत नहीं पड़ी। इस यात्रा में वंशिका के पिता दिनेश पटेल और माता पूर्वी पटेल इस यात्रा पर निकले थे लेकिन वंशिका ने जिद की वह भी जाएगी लाख समझाने के बाद वंशिका को ले जाने पर माता-पिता मजबूर हो गए उनके मन में डर भी था कि इतनी कठिन यात्रा वंशिका कैसे करेगी उसे गोदी में उठाकर ले जाना होगा लेकिन सब कुछ गलत साबित हुआ वंशिका शुरुआत से ही पैदल निकली और अंत तक पैदल ही चलते रही।

# चौरई में दोना पत्तल मशीन का सांसद नकुलनाथ ने किया उद्घाटन

## तुलसी जयंती समारोह एवं विभिन्न प्रकोष्ठों बैठक में हुए शामिल

**छिन्दवाड़ा।**

चौरई /महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य चौरई शहर में एक महिला स्वसहायता समूह को दोना पत्तल मशीन सांसद नकुलनाथ के द्वारा सौपी गई व उसका सांसद नकुलनाथ के द्वारा उद्घाटन भी किया गया। इस मौके पर सांसद नकुलनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बने ऐसा हमेशा हमारा प्रयास रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी ने विधानसभा चुनावों के सरकार बनने पर प्रत्येक महिला को 1500 रुपये प्रतिमाह देने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने, 100 यूनिट बिजली बिल माफ 200 यूनिट बिजली बिल हाफ सहित महिलाओं के हित में अन्य काफी योजनाएं लेकर आ रही जो आने वाले समय में जल्द ही कांग्रेस के घोषणपत्र के माध्यम से



आप सभी को मालूम होंगी। प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते हुये सांसद ने कहा कि म प्र की वर्तमान भाजपा सरकार को महिलाओं व अन्य वर्गो की याद चुनाव के समय 18 साल बाद याद क्यों आई। आप सभी को भाजपा के बहकावे से सावधान रहकर आने वाले समय में कांग्रेस की ओर सरकार बनानी है। उद्घाटन के पश्चात सांसद जिला पंचायत सदस्य तीरथ ठाकुर के निवास पर संवेदना प्रगट2 करने पहुँचे इसके बाद नगर में चल रहे सांसद तुलसी जयंती समारोह के कार्यक्रम में माता मंदिर पहुँचे जहाँ उन्होंने पूजन अर्चन की साथ ही इस समारोह के बारे में जानकारी भी ली। अंत मे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में चौरई ब्लॉक के विभिन्न प्रकोष्ठों की बैठक को भी सांसद नकुलनाथ ने संबोधित किया। इस मौके पर सांसद नकुलनाथ के साथ विधायक चौधरी सुजीतसिंह, जिला प्रभारी नेहा सिंह, पूर्व विधायक चौधरी गंभीरसिंह, पर्यावेक्षक राजीव तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, शहर कांग्रेस पर्यावेक्षक दर्शन अरोरा, बैजू वर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रीतम पटेल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी, बंटी पटेल, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजली सोनी, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता चौधरी सहित शहर व ग्रामीण कांग्रेस अनेक वरिष्ठ व युवा कांग्रेसजन व सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में आधे से अधिक आवेदनों का निराकरण हुआ



**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा आज मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 137 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे जिनमें से मौके पर 65 आवेदनों का निराकरण किया गया है शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों को कलेक्टर भार्गव के द्वारा दिए गए है। कम्पोजिट भवन के भू-तल स्थित सभागार कक्ष में आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदकों द्वारा व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। संयुक्त कलेक्टर व जनसुनवाई कार्यक्रम की नोडल अधिकारी राजेश गुप्ता एवं संयुक्त कलेक्टर द्वय विष्णु यादव, अवनीश मिश्रा के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारियों ने पंक्तिबद्ध रो में बैठकर आवेदको से आवेदन प्राप्ति के उपरांत निराकरण की पहल की गई है शेष लंबित आवेदनों का निराकरण कर उत्तरा पोर्टल पर तमाम जानकारियां दर्ज कराने के भी निर्देश दिए गए है।




# प्रियंका चोपड़ा ने 7 साल पहले हॉलीवुड में बजाया डंका



**प्रियंका** चोपड़ा ने अपने एक्टिंग करियर में कई ऐसी शानदार फिल्मों में काम किया जो उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई हैं. इन फिल्मों में निभाए अपने किरदारों से भी उन्होंने खूब वाहवाही लूटी. बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का डंका बजाने के बाद वह हॉलीवुड में भी खूब नाम कमा रही हैं. लेकिन वहीं शाहरुख खान (शाहरुख खान) ने हॉलीवुड में काम करने से साफ इंकार कर दिया था. आखिर क्यों?

प्रियंका चोपड़ा ने जहां बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों ही जगह अपने एक्टिंग टैलेंट से खूब शोहरत कमाई, वहीं शाहरुख खान बॉलीवुड में ही अपने टैलेंट से फैंस का दिल जीतना चाहते हैं. वह हॉलीवुड में काम करने से कई बार इनकार कर चुके हैं. जबकि इरफान खान, अनिल कपूर, रणदीप हुड्डा और आलिया भट्ट जैसे कई स्टार हॉलीवुड में भी किस्मत आजमा चुके हैं. आखिर क्या वजह है जो शाहरुख हॉलीवुड में काम नहीं करना चाहते.

शाहरुख खान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत फिल्म 'दीवाना' से की थी. करियर की पहली फिल्म ही फिल्म से वह रातोंरात स्टार बन गए थे. हालांकि फिल्म में पहले से ही उस दौर के टॉप एक्टर्स लीड रोल में थे. इसके बाद आई 'बाजीगर' तो शाहरुख के करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई थी. इस फिल्म के बाद तो शाहरुख को इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम मिल गया था.

शाहरुख खान ने जब साल 1993 में आई बाजीगर में नेगेटिव रोल निभाया तो सभी को चौंका दिया था. उस दौर में जहां एक्टर नेगेटिव रोल करने से परहेज किया करते थे. तब शाहरुख खान ने अपने करियर की शुरूआत में ही जोखिम उठाकर इस फिल्म में अपने किरदार से फैंस को अपना मुरीद बना लिया था. ये ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म शाहरुख के करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई थी. इस फिल्म के बाद से अब तक शाहरुख मेकर्स और फैंस की पहली पसंद बने हुए हैं.

शाहरुख खान अपने अब तक के एक्टिंग करियर में कई बड़े बजट की फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा चुके हैं. शाहरुख खान की इस साल की फिल्म 'पठान' का बजट भी 250 करोड़ बताया गया था रिलीज के बाद भी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे. 'पठान' शाहरुख खान के करियर की अब तक की सबसे बड़ी सफल साबित हुई थी. इसके अलावा शाहरुख की 'जीरो' 200 करोड़, 'दिलवाले' 135 करोड़, 'रा. वन' 130 करोड़ और 'फैन' 120 करोड़, 'रईस' 95 करोड़ और 'हैप्पी न्यू ईयर' 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी.

शाहरुख खान आज इंडस्ट्री के सुपरस्टार हैं. इरफान खान, रणदीप हुड्डा, आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और अनिल कपूर कई ऐसे स्टार्स हैं जिन्होंने अपने करियर में बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड में भी खूब नाम कमाया. लेकिन शाहरुख खान हॉलीवुड में काम नहीं करना चाहते. इसकी वजह उन्होंने साल 2006 में दिए एक इंटरव्यू में बताई थी. उन्होंने कहा था कि, 'मुझे बॉलीवुड से इतना प्यार मिला है कि मैं हॉलीवुड जाने के बारे में सोचता ही नहीं हूं. मैं बॉलीवुड में रहकर ही कुछ ऐसा काम करना चाहता हूं कि लोग चौंक जाए. कुछ ऐसी फिल्में करना चाहता हूं, जिन्हें देखकर लोग हैरान हो जाए.'

करियर की शुरूआत से ही शाहरुख खान अपने काम से लोगों का दिल जीत रहे हैं. लेकिन उनके करियर में भी कई उतार चढ़ाव आए हैं. पठान से पहले भी उनकी कई फिल्में फ्लॉप साबित हुई थी. बैक-टू-बैक फ्लॉप के बाद शाहरुख ने काम से लंबा ब्रेक भी लिया था. फिर चार साल बाद उन्होंने फिल्म 'पठान' से वापसी की थी. कमबैक करते ही उन्होंने फिर से अपने फैंस को सरप्राइज दिया और धमाकेदार फिल्म से बॉलीवुड में अपना खोया हुआ स्टारडम फिर से हासिल किया.

## इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं सैफ अलीन खान के बेटे इब्राहिम



**करण** जौहर बॉलीवुड स्टार को लॉन्च करने के लिए तैयार है । हम बात कर रहे हैं सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान की। जी हां इब्राहिम अली खान अब अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं । करण जल्द फिल्म सरजमीन को प्रोड्यूस करने जा रहे हैं।

बॉलीवुड डायरेक्टर करण जौहर हर साल किसी न किसी सेलिब्रिटी के बच्चों को इंडस्ट्री में लॉन्च करते हैं। उन्होंने अब तक कई स्टार्स किड्स का डेब्यू करवाया है, जिसमे आलिया भट्ट, जाह्नवी कपूर और वरुण धवन समेत कई नाम शामिल है।

अब एक बार फिर करण बॉलीवुड स्टार को लॉन्च करने के लिए तैयार है। हम बात कर रहे हैं सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान की। जी हां, इब्राहिम अली खान अब अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं।

करण एक के बाद एक अपनी फिल्म की घोषणा कर रहे हैं। अब खबर है कि करण जल्द फिल्म सरजमीन को प्रोड्यूस करने जा रहे हैं। इस फिल्म से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान डेब्यू करेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म में इब्राहिम के साथ ही साथ काजोल भी लीड रोल में होंगी। बता दें करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स में करीब 12 साल के बाद काजोल की वापसी हो रही है। एक्ट्रेस को आखिरी बार करण की फिल्म माई नेम इज खान में देखा था।

सरजमीन नाम की इस फिल्म का निर्देशन बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी करेंगे। तो वहीं इस फिल्म को करण जौहर प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की कहानी को लेकर बीते दिनों खबर आई थी कि यह फिल्म डिफेंस फोर्स के इर्द गिर्द होगी। हालांकि अभी फिल्म को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि फिल्म बड़े बजट की होगी।

हालांकि निर्माताओं ने अभी तक रिलीज की तारीख की घोषणा नहीं की है। बता दें, इब्राहिम अली खान ने करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम कर चुके हैं। ये फिल्म बीते महीने रिलीज हुई थी।

## आलिया-कृति को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार, अल्लू अर्जुन बने बेस्ट एक्टर

**राष्ट्रीय** फिल्म पुरस्कार भारतीय कलाकारों के लिए हमेशा से खास रहा है और आज दिल्ली में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा हुई, जिसमें देशभर के कलाकारों को सम्मानित किया गया







है। भारतीय कलाकारों के लिए खास इन पुरस्कारों की घोषणा दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर से की गई। इस कार्यक्रम में बेस्ट एक्टर से लेकर सिंगर तक को सम्मानित किया गया। हर बार की तरह इस बार भी सभी की निगाहे बेस्ट एक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड पर टिकी हुई थीं। इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड आलिया भट्ट और कृति सेनन ने अपने नाम किया। वहीं बेस्ट एक्टर का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अल्लू अर्जुन ने जीता। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के 69वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा गुरुवार (24 अगस्त) को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में की गई। ये पुरस्कार वर्ष 2021 के लिए दिए गए। यह देश के सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित पुरस्कारों में से एक हैं। इस साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में फिल्म 'सरदार उधम', 'आरआरआर', 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'द कश्मीर फाइल्स' का जलवा देखने को मिला। विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'सरदार उधम' ने पांच अवॉर्ड अपने नाम किए, जिनमें सबसे प्रमुख 'बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म' का अवॉर्ड रहा। फिल्म का निर्देशन शूजित सरकार ने किया था। इस पूरे कार्यक्रम में बेस्ट एक्टर और एक्ट्रेस के नाम पर हर किसी की निगाहें बनी रहीं और अब यह नाम भी सामने आ गए हैं। इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दो अभिनेत्रियों को मिला है। आलिया भट्ट और कृति सेनन ने बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया है। आलिया भट्ट को जहां फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में किए गए शानदार अभिनय के लिए पुरस्कृत किया गया, वहीं कृति सेनन ने फिल्म 'मिमी' के लिए यह अवॉर्ड अपने नाम किया। बेस्ट एक्टर की बात करें तो यह अवॉर्ड इस साल साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पाः द राइज' में अपने दमदार और शानदार अभिनय के लिए जीता।

बेस्ट प्लेबैक मेल का अवॉर्ड 'आआरआर' के 'कोमुराम भीमुडो' गाने के सिंगर काला भैरव को मिला, वहीं बेस्ट प्लेबैक फीमेल का अवॉर्ड श्रेया घोषाल ने अपने नाम किया। सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड पंकज त्रिपाठी ने फिल्म 'मिमी' के लिए जीता और बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस 'द कश्मीर फाइल्स' के लिए पल्लवी जोशी को मिला।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .